Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand to resume the stoppage of trains at smaller railway stations for benefit of local residents of Singhbhum, Jharkhand.

श्रीमती गीता कोडा (सिंहभूम): सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।… (व्यवधान)

महोदय, पिछले दिनों कोरोना काल में कई ट्रेनों को बंद कर दिया गया था।… (व्यवधान) जो छोटे-छोटे स्टेशंस थे, वहाँ ट्रेन का ठहराव बंद कर दिया गया।… (व्यवधान) मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से यह माँग करती हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र में टाटा-इतवारी एक्सप्रेस, टाटा-बिलासपुर पैसेंजर, टाटा-एएलएलपी एक्सप्रेस, शालीमार-कुर्ला एक्सप्रेस और जगदलपुर-हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन पूर्व की भाँति किया जाए, ताकि वहाँ के लोगों को आवागमन में सुविधा हो सके।… (व्यवधान)

महोदय, ट्रेन परिचालन बंद होने के कारण, आज वहां के लोग रोजगार से वंचित हो रहे हैं, कई बच्चे पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं और मेडिकल फैसिलिटी लोगों को नहीं मिल पा रही है। मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करती हूं कि इन ट्रेनों का परिचालन पुन: किया जाए।…(व्यवधान)